Heavy traffic on Jaipur-Ajmer National Highway

*32. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the abnormal increase in the traffic on the National Highway from Jaipur to Ajmer resulting in a number of fatal accidents;

(b) whether Government have received any demand for widening the road so as to make it four laned; and

(c) if so, the amount of funds allocated for this purpose during the current financial year as well as in the Eighth Five Year Plan period?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI K. P. UNNIKRISHNAN): (a) Government are aware that traffic in the National Highway between Jaipur and Ajmer has increased increment years.

(b) Yes, Sir.

(c) No funds have been allocated during the annual plan 1990-91 and Eighth Plan is not yet finalised.

दिल्ली में दैनिक बस यात्रियों की संख्या में वृद्धि

*33**श्री राम जेठमलानी :**

सरदार जगजीत सिंह अरोडा :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में बढ़ती हुई आबादी के कारण दैनिक बस यात्रियों की संख्या में भी प्रतिवर्ष वृद्धि हो जाती है;

(ख) यदि हां, तो 1988-89 के दौरान दिल्ली में दैनिक बस यात्रियों की संख्या क्या थी और उनके लिए दिल्ली में कितनी बसों की आवश्यकता आंकी गई है ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि दिल्ली परिवहन निगम के पास आवश्यकता से बहुत कम बसें है, यदि हां, तो जून 1990 में उनकी संख्या कितनी थी और आवश्यकतानुसार बसों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में भावी योजना क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, हां।

(ख) 1988-89 के दौरान दि०प०नि० ने प्रतिदिन औसतन 42.79 लाख यात्री ढोए। दि०प०नि० के पर्यवेक्षाधीन चल रही निजी बसों अथवा दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रदत्त स्टेज कैरिज परमिट अथवा कौन्ट्रेक्ट कैरिज परमिटों पर चलाई जा रही निजी बसों द्वारा लाए-ले जाए गए यात्रियों की संख्या मालूम नहीं है। योजना आयोग द्वारा सड़क परिवहन पर गठित कार्यदल ने अपनी 1984 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि 1988-89 में कुल 8567 बसों की आवश्यकता होगी।

(ग) जून, 1990 में दि०प०नि० की बसों की संख्या 4406 थी। इसमें निजी बसों द्वारा अनुपूर्ति की गई है। 1990-91 की वार्षिक योजना में दि०प०नि० के लिए 700 नई बसें खरीदने के लिए प्रावधान शामिल है।

कश्मीर में हत्यायें

***34. श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पिछले तीन महीनों के दौरान कश्मीर में मारे गये अन्य सरकारी कर्मचारियों सहित उग्रवादियों तथा सुरक्षा कार्मिकों की अलग-अलग संख्या कितनी-कितनी थी ; और

(ख) उनके बारे में ब्यौरा क्या है और इस प्रकार से मारे गये सरकारी कर्मचारियों तथा सुरक्षा कार्मिकों के परिवारों को क्या राहत प्रदान की गई ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) जम्मू व कश्मीर सरकार ने सूचित